# डिफेंस कॉरिडोर में 35000 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तेजी से वास्तविक रूप ले रहा है। 197 समझौता ज्ञापनों के माध्यम से कुल 34844 करोड़ के निवेश की उम्मीद है, जिससे 52,658 से अधिक रोजगार सृजित होने का अनुमान है। वहीं अब तक 62 कंपनियों को 977.54 हेक्टेयर से अधिक भूमि आवंटित की जा चुकी है, जिससे 11997 करोड़ का निवेश और 14256 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

साथ ही 110 कंपनियों के साथ एमओयू की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिनसे करीब 23 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश और 38000 से अधिक रोजगार मिलने की संभावना है। यूपी एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने छह नोड्स (अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट और आगरा) में 2040 हेक्टेयर से अधिक भूमि का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इनमें से 2,040 हेक्टेयर का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है, जबकि फिलहाल 1,598.92 हेक्टेयर भूमि आवंटन के लिए उपलब्ध है। भूमि आवंटन के मामले में अलीगढ़ सबसे आगे है, जहां 24 कंपनियों को जमीन मिल चुकी है। वहीं, कानपुर में 5 कंपनियों को सर्वाधिक 210 हेक्टेयर भूमि दी गई है। झांसी में 17 कंपनियों को 571 हेक्टेयर और लखनऊ में 16 कंपनियों को 131 हेक्टेयर से अधिक भूमि आवंटित की गई है। चित्रकूट व आगरा नोड में भी जल्द ही आवंटन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। ब्यूरो